नईदुनिया

Indore News: इंदौर में बंद पेट्रोल पंप से बेचा जा रहा था मिलावटी डीजल, 10 से 15 रुपये कम भाव में बेच रहे थे

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर Indore News। बंद पेट्रोल पंप से मिलावटी डीजल बिक्री का मामला उजागर हुआ है। क्राइम ब्रांच की सूचना पर खाद्य विभाग की टीम ने तीन इमली चौराहा के पास रिंग रोड पर बंद महाराजा अग्रसेन एस्सार पेट्रोल पंप पर अवैध भंडारण एवं विक्रय करने पर पंप को सील कर डीजल को जब्त किया।

रिंग रोड स्थित बंद [एस्सार पेट्रोल पंप](#) पर मंगलवार को क्राइम ब्रांच की टीम ने दबिश दी। यहां बसों में डीजल भरते पाए जाने पर खाद्य विभाग को सूचना दी गई। मौके पर पहुंच खाद्य विभाग की टीम की जांच के समय पंप के एक नोजल से बस में डीजल भरा जा रहा था। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मोहन मारू ने बताया कि पंप के भूमिगत टैंक से 3334 लीटर डीजल मौके पर मौजूद अर्पित बंसल से जब्त किया गया।

वहीं पंप पर बने गोदाम में ड्रम में भरा हुआ 1400 लीटर डीजल भी जब्त किया गया। डीजल की डेंसिटी लेने पर प्रारंभिक जांच में डीजल मिलावटी पाया गया है। मारू का कहना है कि पेट्रोल पंप लाइसेंस का काम विभाग के पास से हटने के बाद इंस्पेक्टर के पास जांच के अधिकार नहीं रहे। इसलिए लाइसेंस आदि की प्रभावी जांच नहीं हो पाती है।

Source: https://www.naidunia.com/madhya-pradesh/indore-indore-news-a-case-of-selling-fake-diesel-came-to-light-in-indore-they-were-selling-it-at-a-lower-price-of-rs-10-to15-8280801